आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 31.08.2026   समय : 07.10PM

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिश्केक में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से मुलाकात की।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अगले दो वर्षों में ढाई लाख पदों पर भर्ती की घोषणा की।
- प्रदेश के एक लाख 22 हजार मेधावी विद्यार्थियों को कल  लैपटॉप खरीदने के लिए 25 हजार रुपये मिलेंगे।
- प्रदेश के रीवा, सीधी, और शहडोल  समेत  कई  जिलों में भारी बारिश का अलर्ट।

प्रधानमंत्री-बिश्केक दौरा

बिश्केक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन से द्विपक्षीय बैठक की। दो दिन के किर्गिस्तान दौरे पर प्रधानमंत्री मोदी ने बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन-एस.सी.ओ शिखर सम्मेलन से अलग हुई बैठक में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने पश्चिम एशिया क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने भारत के रुख को दोहराया कि सभी मुद्दों का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से होना चाहिए। श्री मोदी ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने और नौवहन और वाणिज्य की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता पर भी बल दिया।

राष्ट्रपति-दीक्षांत समारोह

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि वस्त्र और परिधान क्षेत्र न केवल भारत की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है, बल्कि यह लाखों लोगों को रोजगार और आजीविका भी प्रदान करता है। आज  राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान-निफ्ट के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और मूल्यों से जुड़े रहते हुए वैश्विक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया।राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि फैशन और वस्त्र प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की वैश्विक उपस्थिति बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प में युवाओं से योगदान देने का आह्वान करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि विद्यार्थियों को रोजगार देने वाला बनने का चाहिए।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति

निवाड़ी जिले की श्री रामराजा सरकार की नगरी ओरछा में आयोजित दो दिवसीय भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक का आज समापन हुआ। दूसरे दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश सहित वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2027 को युवा वर्ष और 2028 को मातृशक्ति को समर्पित करते हुए प्रदेश की विकास यात्रा को गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले दो वर्षों में ढाई लाख पदों पर भर्ती भी की जाएगी।

वहीं, प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि कार्यसमिति केवल चर्चा तक सीमित नहीं रही, बल्कि विचारधारा और जनसेवा के संकल्प को बूथ स्तर तक ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण रही।

महाकाल- पंचम सवारी

उज्जैन में भगवान महाकाल की पंचम सवारी के नगर भ्रमण में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। रामघाट पहुंचने पर उन्होंने पालकी में विराजित भगवान चन्द्रमौलेश्वर का पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सवारी के दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। 11 सौ बटुकों ने वैदिक मंत्रोच्चारण किया, जबकि 500 से अधिक कलाकारों वाले आठ जनजातीय दलों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

प्रतिमाएं स्थापित

उज्जैन के महाकाल महालोक में अब फाइबर की प्रतिमाओं के स्थान पर राजस्थान के बंसी पहाड़पुर के लाल बलुआ पत्थर से बनी सप्तऋषियों की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। महर्षि कश्यप, अत्रि, वशिष्ठ, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि और भारद्वाज की करीब 15 फीट ऊंची प्रतिमाओं का निर्माण अंतिम चरण में है। इनके साथ भगवान शिव और देवगुरु बृहस्पति की प्रतिमाएं भी स्थापित होंगी। करीब छह महीने में प्रतिमाओं की स्थापना प्रस्तावित है।

लैपटॉप- राशि

प्रदेश में कक्षा 12वीं में प्रथम प्रयास में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक पाने वाले लगभग एक लाख 22 हजार मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के खातों में 304 करोड़ 98 लाख 50 हजार रुपये से अधिक की राशि अंतरित करेंगे। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक और डिजिटल शिक्षा से जोड़ना है।

क्विज प्रतियोगिता

भगवान श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत प्रदेश के स्कूली और महाविद्यालयीन विद्यार्थी 30 सितंबर तक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। अब तक 24 हजार से अधिक विद्यार्थी इसमें शामिल हो चुके हैं। लॉटरी से चयनित 102 विद्यार्थियों को एक-एक लाख रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी, जिसका उपयोग उच्च शिक्षा के लिए किया जा सकेगा।इस पर अधिक जानकारी देते हुए संस्कृति विभाग के सलाहकार श्री राम तिवारी ने बताया कि ..

मौसम

प्रदेश में बारिश का दौर फिर तेज हो गया है। मौसम विभाग नेरीवा, मऊगंज, मैहर, सीधी, उमरिया, शहडोल, डिंडौरी, अनूपपुर, मंडला, सिवनी और बालाघाट में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। भोपाल सहित कई जिलों में भी बारिश के आसार हैं। शहडोल में बाणसागर बांध के छह गेट खोले गए हैं। प्रदेश में अब तक 27 दशमलव 2 इंच बारिश हुई है, जो सामान्य से नौ प्रतिशत कम है।

खेल दिवस समारोह

भोपाल स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय केंद्र में खेलेगा भारत, जीतेगा भारत थीम के तहत तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक अभिषेक सिंह चौहान ने कहा कि समारोह के माध्यम से युवाओं को खेलों से जुड़ने, फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया।

समाचार संक्षेप में:-

- केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान आज शिवपुरी जिले में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया।
- गुना जिला चिकित्सालय की टीम ने आज जिला जेल में बंद कैदियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया।
- सीहोर के श्यामपुर तहसील के चरनाल गांव में पारंपरिक गेड़ी लड़ाई प्रतियोगिता में सीहोर, भोपाल और राजगढ़ के 160 खिलाड़ियों ने भाग लिया।
- कटनी पुलिस ने जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ विशेष मेगा कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया।
- मुरैना से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत डॉ. अंबेडकर चैत्यभूमि (मुंबई) की यात्रा 15 से 18 सितंबर तक होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 9 सितंबर है।

- झाबुआ कलेक्टर ने जिले के 100 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के NQAS सर्टिफिकेशन की कार्यवाही जल्द पूरी करने के निर्देश दिए हैं।
- अशोकनगर जिले के सभी विभागों ने सीएम हेल्पलाइन में 'ए' ग्रेड प्राप्त किया है।

..............................